सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 01 सितम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से वीरवार को राजभवन में बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ़ लर्निंग की चेयरपर्सन श्रीमती राधा बजाज और संस्थान के बच्चों ने मुलाकात की। दिव्यांग बधिर बच्चों के लिए संचालित बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ़ लर्निंग में 150 से ज्यादा बच्चे अध्ययनरत हैं। संस्थान प्री–स्कूल से बारहवीं कक्षा तक सुनने में अक्षम छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। इस दौरान चेयरपर्सन ने संस्थान में पढ़ रहे बच्चों की जानकारी और संस्थान की गतिविधियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया।

राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु संस्थान का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बच्चे ईश्वर का रूप हैं। दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं होते और वे जीवन में हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं उनके अन्दर छुपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान को सीएसआर में सहायता हेतु केन्द्रीय संस्थानों से वार्ता कर आवश्यक सहयोग का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान संस्थान की ट्रस्टी श्रीमती मिनी चडडा, प्रधानाचार्य श्रीमती पुनीत बसर और बच्चे उपस्थित रहे।

...........0............